राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान
उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम / जनसंचार
पाठ-3: जन माध्यमों की भूमिका तथा प्रभाव
कार्यपत्रक - 3

1. मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ माना जाता है। लोकतंत्र में मीडिया के महत्व को प्रतिपादित करते हुए अपने विचार व्यक्त करें।

2. सरकारी मीडिया एजेंसियां हमें विभिन्न नीतियों और कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान करती हैं। सरकारी मीडिया एजेंसियों के कार्यों का विस्तृत वर्णन करें।

3. जन माध्यम लोगों को सूचनाओं द्वारा सहायता कर सशक्त बनाता है। लोकतंत्र में जन-माध्यमों के योगदान को अपने शब्दों में व्यक्त करें।

4. किन्ही चार मीडिया आचार संहिता का उल्लेख करते हुए स्पष्ट करें कि सांप्रदायिक लेखन से कैसे बचा जा सकता है ?

5. मीडिया की अपनी आचार संहिता होती है और पत्रकारों को उनका अमल करना चाहिए। मीडिया में आचार संहिता के महत्व का उल्लेख उपयुक्त उदाहरणों के साथ कीजिये ।

6. जन-माध्यम स्थितियों को बेहतर करने वाले परिवर्तन लाने में सहायक होते हैं। परिवर्तन के लिए एक उपकरण के रूप में आप जन-माध्यमों का प्रयोग कैसे करेंगे ? स्पष्ट करें.

7. मीडिया का लोगों पर सकारात्मक और नकारात्मक प्रभाव होता है। मीडिया के दो नकारात्मक और सकारात्मक प्रभावों का उल्लेख अपने शब्दों में करें।

8. वैश्विक स्तर पर मीडिया ने लोगों को करीब ला दिया है। दुनिया को छोटा बनाने वाले जन माध्यमों की भूमिका का वर्णन करें।

9. मीडिया विभिन्न स्रोतों से समाचारों को एकत्र करता है। स्रोतों की सुरक्षा पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखें।

10. आधारहीन सूचनाएँ देश में जन सामान्य के हितों को क्षति पहुंचा सकती हैं। मीडिया आचार संहिता में शुद्धता के महत्व को प्रस्तुत करें।